Regarding need to expedite construction and operation of Kendriya Vidyalaya in Aravalli district of Gujarat-Laid

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया **(**साबरकांठा**) :** मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा अंतर्गत अरवल्ली जिला, जो कि जनजातीय बहुल क्षेत्र है, में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु प्रस्ताव को पूर्व में अनुमोदन प्राप्त हो चुका है । जिला प्रशासन द्वारा विद्यालय हेतु निर्धारित भूमि की जानकारी एवं स्थल की स्थिति से संबंधित प्रस्ताव क्षेत्रीय उपायुक्त (KVS), अहमदाबाद को प्रस्तुत कर दिया गया है । यह भूमि KVS के निर्धारित मानकों के अनुरूप है, किंतु स्थल का समतलीकरण आवश्यक है । वर्ष 2023 से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के साथ निरंतर पत्राचार के बावजूद विद्यालय का संचालन नही हो पाया है । अतः मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूँ कि अरवल्ली जिले के लिए स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय को शीघ्र संचालित किया जाये । विद्यालय स्थल के समतलीकरण हेतु आवश्यक धनराशि आवंटित की जाए, जिससे निर्माण कार्य में विलंब न हो । जब तक स्थायी भवन का निर्माण पूर्ण नहीं होता, तब तक KVS के नियमों के अनुरूप किसी किराए के भवन में विद्यालय का संचालन आरंभ किया जाए । मैं माननीय मंत्री जी से इस प्रकरण के समाधान को सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूँ ।